>

Title : Need to treat 'KOLI' and 'KORI' communities as one caste so as to provide them equal facilities extended to Scheduled Castes.

श्री वीरेन्द्र कश्यप (शिमला): माननीय अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री के ध्यान में लाना चाहता हूं कि देश में कोली अथवा कोरी जाति अनुसूचित जातियों की सूची में है, लेकिन किसी राज्य में उसे "कोली" के नाम से जाना जाता है और किसी राज्य में "कोरी", जबकि मूलरूप से यह एक ही जाति है और अनेक राज्यों में दोनों को एक जैसे लाभ भी मिल रहे हैं, लेकिन कई राज्यों में केवल नाम की भिन्नता के कारण उन्हें इस वर्ग के लाभों से वंचित होना पड़ रहा है। अतः मेरा आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से अनुरोध है कि इस संबंध में देश के विभिन्न प्रदेशों में नाम के स्पैलिंग की भिन्नता के कारण जो विसंगतियां पैदा हो गई हैं, उन्हें समाप्त करने हेतु समुचित कदम तुंत उठाये जायें ताकि देशभर के कोली अथवा कोरी जाति के लोगों को अनुसूचित जाति के लोगों को मिलने वाली सुविधायें समान रूप से मिल सकें।